**खबर संक्षेप**

## एमपीटास पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिये आवेदन 15 मई तक

**सतना।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये ऑनलाईन आवेदन एमपीटास पोर्टल पर 15 मई तक किये जा सकेंगे। सहायक संचालक ने जिले के शासकीय महाविद्यालयों एवं निजी संस्थाओं के प्राचार्यों को सूचित किया है कि संस्था में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिये ऑनलाईन आवेदन पोर्टल में कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि उपरांत यदि कोई विद्यार्थी आवेदन भरने से वंचित रह जाता है,तो इसके लिये विद्यार्थी एवं संस्था प्रमुख स्वतः जवाबदार होंगे।

## चलती कार में अचानक लगी आग, बाल बाल बचे सवार

**कटनी।** बस स्टैंड के समीप गत देर शाम एक स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। गाड़ी में आग लगने के कारण वाहन सवार सभी लोग उतरकर दूर जा खड़े हो गए। गाड़ी से आग की लपटें उठती देख स्थानीय दुकानदारों ने फायर सेफ्टी उपकरण की मदद से तत्काल आग पर काबू पा लिया और एक बड़ी घटना होने से बच गई। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 17 सीबी 7111 से कुछ लोग यात्रा कर रहे थे। गाड़ी जब बस स्टैंड क्षेत्र से गुजर रही थी। इसी दौरान गाड़ी से अचानक आग की लपटे उठने लगी। गाड़ी से आग की लपटें उठती देख कार सवार सभी लोग उतार कर दूर जा खड़े हुए। स्थानीय दुकानदारों ने फायर सेफ्टी उपकरण की मदद से तत्काल गाड़ी में लगी आग को बुझा दिया जिससे एक बड़ी घटना होने से बच गई। गाड़ी में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

## दो पक्षों में चाकूबाजी, एक का फूटा सिर

**कटनी।** दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बीच चाकू बाजी होने की घटना सामने आई है। मारपीट और चाकू बाजी में एक पक्ष के एक युवक का सर फूट गया, जबकि दूसरे पक्ष के एक युवक के सीने में चाकू लगी है। घटना बस स्टैंड चौकी के समीप स्थित राधिका होटल के सामने हुई। बस स्टैंड पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। जानकारी के मुताबिक बीती शाम लगभग 8 बजे बस स्टैंड के समीप स्थित राधिका होटल के सामने दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्षों के बीच मारपीट में कन्हवारा निवासी सचिन लोधी नमक युवक पर कैलवारा निवासी दीपक रजक ने चाकू से हमला कर दिया। बताया जाता है कि सचिन के सीने में चाकू लगी है। चाकू बाजी करने वाले दीपक रजक को भी मारपीट में सर में गहरी चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेते हुए प्राथमिक उपचार कराया। अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

## ट्रांसफार्मर में अचानक लगी आग, हुआ विस्फोट

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के बरगवां में एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग भड़क उठी। जिसके चलते अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल विभाग ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार बरगवां में मुख्य मार्ग पर लगे ट्रांसफार्मर में सोमवार की शाम को अचानक से पटाखा फूटने जैसी आवाज हुई और उसके बाद ट्रांसफार्मर की केबिल जलने लगी।

# महिला सरपंच के पति और भतीजों पर जानलेवा हमला

सतना

कोटर थाना क्षेत्र के ग्राम डगडीहा में पंचायत की तरफ से बनाई जा रही सरकारी सड़क के निर्माण के दौरान दबंगो ने महिला सरपंच के पति और भतीजों पर जानलेवा हमला कर दिया। घायलों को इलाज के लिए सतना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हासिल जानकारी के मुताबिक,कोटर थाना अंतर्गत ग्राम डगडीहा में ग्राम पंचायत की तरफ से डगडीहा-पवैया-सोहास पहुंच मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। सोमवार की रात जेसीबी मशीन काम पर लगी हुई थी।



रात लगभग एक बजे ग्राम पंचायत की सरपंच पुष्पा देवी के पति बैजनाथ त्रिपाठी अपने भतीजों अमित त्रिपाठी पिता अमरनाथ (20) एवं ध्रुव त्रिपाठी पिता संजय (18) के साथ काम की स्थिति देखने गए थे। तीनों मुक्तिधाम के पास खड़े थे कि तभी सुरेंद्र सिंह, ललन सिंह,अरविंद सिंह एवं नागेंद्र सिंह अपने कुछ अन्य साथियों समेत हथियार से लैस होकर वहां आ पहुंचे और जेसीबी रोकने लगे। उन्होंने जेसीबी ऑपरेटर को पकड़ कर नीचे उतार लिया और मारपीट करने लगे।यह देख कर बैजनाथ,अमित और ध्रुव ऑपरेटर को बचाने के लिए उस ओर दौड़े।आरोपियों ने बैजनाथ को देखा तो वे उन पर टूट पड़े और फरसा,कुल्हाड़ी और डंडे से तीनों पर हमला कर दिया। रात के अंधेरे में मारपीट का शोर मचा तो आरोपी वहां से भाग निकले। रात में ही परिजन घायलों को लेकर कोटर थाना पहुंचे। हालत गंभीर होने के कारण पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल भेज दिया। घायल सरपंच पति बैजनाथ त्रिपाठी ने बताया कि जिस जगह सड़क का निर्माण हो रहा था,उससे लगी सरकारी जमीन पर आरोपियों ने कब्जा कर रखा है। उन्हें यह डर था कि सड़क निर्माण की जद में उनकी बेजा कब्जे वाली जमीन भी आ जाएगी। इसी संदेह के कारण सभी ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से पहले काम रोकने की कोशिश की और फिर कुल्हाड़ी,फरसा और लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। बैजनाथ ने बताया कि इन्ही आरोपियों ने पंचायत भवन के निर्माण में भी अड़ंगा लगाया था। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली तहरीर के आधार पर कोटर थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## एकेएस के एजुकेशन विभाग में गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की मनाई गई जयंती



**सतना।** एकेएस के एजुकेशन विभाग में गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। शिक्षा विभाग में उनकी कविताओं पर और उनके भारत निर्माण के योगदान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीएड एवं डीएलएड के छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उनके योगदान को याद किया जिसमें उन्हें महान कवि निरूपित करने वाली राष्ट्रगान जन गण मन से सराबोर कर देने वाली राष्ट्रभक्ति की कविता का गायन किया गया।कार्यक्रम में विभाग के शिक्षकों ने छात्रों को राष्ट्र भक्ति की ओर समर्पित कर देने वाले साहित्य रचना करने पर जोर दिया जिसे छात्रों ने पूरे विश्वास के साथ आत्मसात करने पर बल दिया।विभाग के शिक्षकों ने शिक्षा के महत्व और शिक्षकों के महत्व को बताते हुए गुरु रविंद्र नाथ टैगोर को याद किया इस अवसर पर शिक्षकों ने देश की एकता और अखंडता पर जोर देते हुए कहा की हमारी शान और हमारी ताकत हमारी एकता है जो हमें गुरुदेव से सीखनी चाहिए।

# 5वीं-8वीं के छात्र 10 मई तक अंकसूची में करवा सकते हैं सुधार

**सतना।** राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परिणाम जारी कर दिए हैं। बोर्ड पैटर्न पर हुई इस परीक्षा अंकसूची भी जारी हो गई है। यदि किसी विद्यार्थी की अंकसूची में कोई त्रुटि है तो वह 10 मई तक सुधार करवा सकते हैं। साथ ही छःमाही परीक्षा व प्रोजेक्ट के विषयवार प्राप्तांकों की प्रविष्टि ना होने की स्थिति में भी सुधार करवा सकते हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र से जारी दिशा-निर्देश के अनुसार प्रावधिक अंकसूची में विद्यार्थी प्रोफाइल की प्रविष्टियों,विद्यार्थी का नाम,जन्मतिथि,माता-पिता के नाम में सुधार एवं परीक्षा पोर्टल पर छःमाही परीक्षा व प्रोजेक्ट के विषयवार प्राप्तांकों की प्रविष्टि न होने की स्थिति में 10 मई तक स्कूल प्राचार्य के सामने आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

# नरवाई जलाने की 122 घटनायें सैटेलाईट मैपिंग में आई सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय भोपाल से प्राप्त सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट अनुसार जिले जिले के अलग-अलग अनुविभागों में 2 मई को 78,4 मई को 21 और 5 मई को 23 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं।उपसंचालक कृषि ने संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों को सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट से अवगत कराते हुये जिला दंडाधिकारी के निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

### नरवाई को जलायें नहीं, पशुओं के लिये भूसा बनवायें

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने किसानों से अपील की है कि फसल अवशेष/नरवाई किसी भी स्थिति में नहीं जलायें। यदि हम नरवाई में आग लगाते है तो भूमि की उर्वरा शक्ति एवं पोषक तत्वों को हानि होती है। किसान नरवाई को न जलाकर उन्नत कृषि यंत्रो का उपयोग कर पशुओं के लिये भूसा बनवा सकते हैं। इसके लिये उन्नत कृषि यंत्र जैसे रीपर, स्ट्री-रीपर को प्राथमिकता दें। सतना और मैहर जिले में कस्टम हायरिंग सेंटर उपलब्ध हैं। कृषक, कृषि यंत्रों को किराये पर ले सकते हैं। इस संबंध की जानकारी कृषि यंत्री शरद कुमार नर्वे (मो.नं. 9826289760) एवं सहायक कृषि यंत्री विशारद प्रसाद त्रिपाठी (मो.नं. 8224029722) से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### मैहर अपर कलेक्टर ने दिये कार्यवाही के निर्देश

मैहर जिले में वर्ष 2024 में पराली से आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुये मैहर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने प्रशासन के सहयोग से अग्निशमन की गई 10 आगजनी घटनाओं की सूची संबंधित एसडीएम को भेजकर परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इन घटनाओं में जरियारी (कोठिया), थाना देहात मैहर,उमरी पैला,बदेरा,कुटाई,जरियारी (पहरुआन),जहला,भीषमपुर,जमताल,हिनौता गजगौना, बीरदत्त थाना अमरपाटन में विगत 15 दिनों में कटे हुये खेत में आगजनी की कुल 10 घटनाओं की सूची देकर परीक्षण के निर्देश दिये गये हैं। अपर कलेक्टर ने कहा है कि सभी एसडीएम इन घटनाओं का परीक्षण करायें और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करें। कटे हुये खेत एवं उससे फसल और खलिहान में आगजनी होने पर प्रशासन द्वारा आग बुझाने का कार्य किया गया है।

# शहर में पेयजल संकट गंभीर, आम आदमी पार्टी ने निगम कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**सतना।** आम आदमी पार्टी ने शहर के अनेक वार्डों में प्याप्त पेयजल संकट के शीघ्र निदान करने की मांग को लेकर बुधवार को नगर पालिक निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। पेयजल संकट का शीघ्र निदान नहीं होने पर आप निगम कार्यालय का घेराव करेगी। सौंपे ज्ञापन पत्र में कहा है कि नगर पालिक निगम सतना के अंतर्गत शहर के अनेक वार्डों में इन दिनों पेयजल संकट व्याप्त है। अमृत जलावर्धन योजना के ठेकेदार शहरवासियों को शुद्ध पेयजल प्रदाय नहीं करा पा रहे हैं। संविदाकार के टेण्डर के अनुबंध अनुसार कार्यवाही कर,उपरोक्त संबंधित संविदाकार का कार्य निरस्त कराया जाकर,निगम द्वारा पेयजल की सप्लाई कराई जाए।इस संबंध में तत्कालीन आयुक्त एवं कलेक्टर को कई बार पत्र सौंपा जा चुका है। इसके वाबजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। पेयजल आपूर्ति का स्थायी समाधान नहीं किया गया।आम आदमी पार्टी ने कहा है कि शीघ्र शहर की पेयजल व्यवस्था का निदान नहीं किया गया तो आप आपके निगम कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष डा.अमित सिंह,आप जिला उपाध्यक्ष व नगर पालिक निगम के पूर्व पार्षद महिन्द वर्धन सिद्धार्थ पप्पू,आरटीआई विंग के जिलाध्यक्ष सोनू पाल,ब्लाक अध्यक्ष मनीष सिंह,पूर्व पार्षद प्रत्यासी सुशील विश्वकर्मा,बृजलाल साहू,आरबी मिश्रा,सोनू त्रिपाठी,मनोज दाहिया,लव नारायण सिंह आदि आप पदाधिकारी शामिल थे।



# जिले में अमानक किस्म के धान बीज के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि 9 बीज कंपनियों की धान किस्म के बीज को अमानक स्तर का घोषित करते हुये जिले में इसके क्रय-विक्रय को प्रतिबंधित किया गया है। इनमें वायर बायो सांइस प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र के बीज किस्म अराइज गोल्ड टीएल,अराइज तेज गोल्ड टीएल,अराइज गोल्ड 6444,इंडोग्रीन क्रॉप साइंस आगरा का अदिति गोल्ड टीएल,महिको प्रा.लि. महाराष्ट्र के एमआरपी 55 आर95 टीएल एवं कोरटेवा एग्री साइंस सीड्स प्रा.लि. हैदराबाद के बीज किस्म 27पी36 टीएल के भंडारण और क्रय-विक्रय पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा बजाज एग्री सीड्स हैदराबाद के बीज किस्म 8ए5-13 टीएल,दिव्या 7444 टीएल,बापना सीड्स हैदराबाद के बीज किस्म रुबल -4021 टीएल, सिजेंटा इंडिया प्रा.लि. कंपनी महाराष्ट्र का एनके-5251 टीएल और यज्ञन्ती एग्रोटेक प्रा.लि. कंपनी हैदराबाद के धान किस्म भारती-211 टीएल को अमानक घोषित किया गया है। उप संचालक कृषि ने जिले के समस्त बीज विक्रेताओं को आगाह किया है कि अमानक घोषित किये गये बीज का भंडारण अथवा क्रय-विक्रय नहीं किया जाये। निर्देशों का उल्लंघन करने पर बीज अधिनियम 1966 तथा बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उप संचालक ने जिले के समस्त बीज निरीक्षक,वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को निर्देशित किया है कि निजी अथवा सहकारी बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों या गोदामों में अमानक घोषित किये गये बीज किस्मों भंडारण एवं क्रय-विक्रय नहीं होने पाये। उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना भी सुनिश्चित करें।



# जरूरतमंदों को 5 रूपए में मिल रहा भरपेट भोजन

हरिभूमि न्यूज कटनी

नगर निगम द्वारा स्थाई रसोई व चलित रसोई के संचालन हेतु नियुक्त संस्था घनश्याम सेवा समिति दिल्ली द्वारा मार्च 2024 से आज दिनांक तक निरंतर 500 से 600 व्यक्तियों को 5 रुपए प्रति थाली अनुसार गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान किया जा रहा है। संस्था द्वारा रसोई केंद्र आश्रय स्थल के समीप बस स्टैंड परिसर कटनी एवम मुड़वारा जिला अस्पताल के पास कटनी में इन दो स्थाई रसोई केंद्रों के द्वारा जरूरतमंदों को भोजन प्रदान किया जा रहा है एवं संस्था द्वारा एक चलित रसोई का भी संचालन किया जा रहा है। चलित रसोई द्वारा बस स्टैंड से पन्ना मोड तक प्रतिदिन हितग्राहियों को भोजन प्रदान किया जाता है। स्थाई रसोई व चलित रसोई के संचालन का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है सभी जरूरतमंद इस योजना का लाभ ले सकते हैं। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने सभी जरूरतमंदों से निर्धारित समय पर पहुंचकर भोजन प्राप्त करने अपील की है । इसके अलावा बताया गया कि प्रतिदिन भोजन के मेनू में बदलाव किया जाता है भोजन को और बेहतर बनाने हेतु हितग्राहियों से सुझाव लिए जाते हैं सुझाव हेतु निरीक्षक व सुझाव पंजी रसोई में उपलब्ध कराई गई है।

# रेडक्रास में सेवाधर्म की कोई सीमायें नहीं: डॉ शर्मा

## चंद्राशय नीमी में वृद्धजनों के बीच मना विश्व रेडक्रास दिवस






**सतना।** विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर बुधवार को चंद्राशय नीमी में मानवता को जीवित रखने की थीम को लेकर वृद्धजनों की देखभाल एवं स्वास्थ्य रक्षा के लिये जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृद्धजनों के बीच आयोजित रेडक्रास दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ नरेंद्र शर्मा ने कहा कि विश्व बंधुत्व की भावना के साथ सेवाधर्म निभाने वाले रेडक्रास सोसायटी में परोपकार और पीड़ति मानवता की सेवा की कोई सीमायें नहीं है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन दिलीप अरोरा,सचिव रेडक्रास डॉ अरुण त्रिवेदी,जिला जनसंपर्क अधिकारी राजेश सिंह,आजीवन सदस्य हरिओम गुप्ता,शुभकरण पटेल के अलावा अशोक प्रताप सिंह,रमाकांत द्विवेदी,रविशंकर गौरी सहित बुजुर्गजन उपस्थित रहे। रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ नरेंद्र शर्मा ने सर्वप्रथम रेडक्रास के संस्थापक जॉन हेनरी ड्यूनैंट के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि पीड़ति मानवता की सेवा के क्षेत्र में इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला,प्रदेश,देश से लेकर विश्व स्तर पर भी अग्रणी संस्था रही है। वाइस चेयरमैन दिलीप अरोरा ने ईशवंदना प्रस्तुत करने के साथ ही कहा कि पिछले 30 सालों से लगातार रेडक्रास सोसायटी से जुड़कर जिले के अलावा बाढ़ग्रस्त इलाकों में अन्य जिले में भी सेवा कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। रेडक्रास की निर्धारित थीम 'मानवता को जीवित रखना' विषय पर अशोक प्रताप सिंह ने व्याख्यान दिया। संस्था के सचिव डॉ अरुण त्रिवेदी ने जिला रेडक्रास सोसायटी की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुये कार्यक्रम में उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ नरेंद्र शर्मा ने इंडियन रेडक्रास सोसायटी के प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ मनसुख मांडवीय द्वारा हस्ताक्षरित आजीवन सदस्यता का प्रमाण पत्र हरिओम गुप्ता और शुभकरण पटेल को प्रदान किया। रेडक्रास समिति द्वारा चंद्राशय नीमी के निवासरत वृद्धजनों को फल वितरित किये गये। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत द्विवेदी ने किया।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए एपेक्स इंडिया एचआर एक्सीलेंस गोल्ड अवॉर्ड से किया सम्मानित

**सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन को एपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा एचआर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए एपेक्स इंडिया एचआर एक्सीलेंस गोल्ड पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार एचआर के क्षेत्र में सतत प्रशिक्षण प्रोग्राम एवं कर्मचारियों के कल्याण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को देखते हुए प्रदान किया गया है। सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित होटल शांगरी ला इरोज में संम्पन्न हुआ जिसमें सेवानिवृत्त मेजर जनरल पी.के.सहगल (भारत के रक्षा विशेषज्ञ और टेडएक्स स्पीकर ),डॉ.अवनीश सिंह,महानिदेशक (सेवानिवृत्त),डीजीएफएएसएलआई,श्रम और रोजगार मंत्रालय (भारत सरकार),कुलदीप सिंह (अध्यक्ष एपेक्स इंडिया फाउंडेशन),डॉ.एस.के.त्यागी अतिरिक्त निदेशक (सेवानिवृत्त) सीपीसीबी पर्यावरण,वन एवं जलवायु मंत्रालय (भारत सरकार),एस.सी.भसीन पूर्व महा प्रबंधक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया उपस्थित रहे। प्रिज़्म जॉनसन की ओर से संयुक्त महाप्रबंधक राजेश कुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड अपने कर्मचारियों के चहुमुखी विकास/कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उसके उत्थान के लिए समय समय पर विविध विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जाते है। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन द्वारा एचआर के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये मिले पुरस्कार पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ विवेक अग्निहोत्री,प्रवीर कुमार रे,सीएचआरओ,मनीष कुमार सिन्हा (सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम. एंड कार्पोरेट अफेयर्स) सहित वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।



# मिशन चौक में संयुक्त टीम ने की ई रिक्शा चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज कटनी

यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाने तथा अराजकता पर काबू पाने पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देश पर यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे एवं एसडीएम प्रदीप मिश्रा द्वारा मंगलवार की रात संयुक्त रूप से ताबडतोड कार्यवाही की गयी। मिशनचौक के समीप चैकिंग अभियान में सैंकडो ई रिक्शा चालको को रोककर बार्डस्ले स्कूल में खडे कराये गये तथा दस्तावेजों की जांच की गयी कई ई रिक्शा चालको द्वारा ओव्हरलोड सवारी ढोई जा रही थी किसी के पास कागजातों की कमी रही।पुलिस ने दस्तावेजों नहीं पाये जाने पर जुर्माना ठोंका और यातायात नियमों की हिदायत दी।

### मिल रही थीं शिकायतें

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के आदेश पर आटो चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।।जिसमें इलेक्ट्रिक ऑटो एवं पेट्रोल ऑटो के दस्तावेजों की जांच के लिये सघन चैकिंग की जा रही है। जांच में दस्तावेजों की कमी पाये जाने पर जुर्माना की कार्यवाही कर रसीद थमायी गयी। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि वाहन चालको के खिलाफ मिल रही शिकायत पर अभियान चलाया जा रहा है अब बिना लायसेंस और कागजात के वाहन सडक पर फर्राटे नहीं मार पायेगे।

## खबर संक्षेप

### मतगणना के संबंध में मीडिया कर्मियों के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना स्थल पर मीडियाकर्मियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। मीडियाकर्मी केवल मतगणना स्थल पर बने मीडिया सेंटर तक एक मोबाइल, कैमरा, लैपटॉप, ट्रायपॉड ले जा सकेंगे। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान मीडिया के लिए चिन्हित स्थान तक अल्प अवधि के लिए मीडियाकर्मियों को वीडियो कैमरा एवं स्टिल कैमरा ले जाने की अनुमति होगी। मतगणना कक्ष के भ्रमण के दौरान व्यक्तिगत सीयू, वीवीपैट या मतपत्र पर दर्ज किए गए मतदान की तस्वीर खींचना प्रतिबंधित है। मीडियाकर्मी सीमित संख्या के बैच में स्कॉट ऑफिसर्स के साथ ही मतगणना कक्ष का भ्रमण करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पासधारी मीडियाकर्मियों को ही मतगणना स्थल, मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी।

### 9 मई को जल आपूर्ति बंद रहेगी

**पन्ना।** जल जीवन मिशन अंतर्गत पवई बांध समूह जल प्रदाय योजना में 158 ग्रामों में प्रतिदिन शुद्ध जल प्रदान किया जा रहा है। इस क्रम में संपूर्ण परियोजना इकाई में संचालित महत्वपूर्ण उपकरणों जैसे ट्रांसफार्मर यार्ड, फिल्टर गैलरी के वाल्ब इत्यादि सभी आवश्यक उपकरणों का 09 मई को मरम्मत किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में जनसामान्य को गुरूवार को एक दिवस के लिए पवई डैम ग्रामीण जल प्रदाय योजना के तहत सभी ग्रामों में जल आपूर्ति बंद रहने के संबंध में सूचित किया गया है। म.प्र. जल निगम मर्यादित, परियोजना क्रियान्वयन इकाई पन्ना के महाप्रबंधक द्वारा जनपद पंचायत पवई एवं शाहनगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जलापूर्ति बंद रहने के बारे में सभी सरपंच-सचिव को सूचित करने के लिए कहा गया है।

### वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती कल मनाई जायेगी

**दमोह।** जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा दमोह द्वारा आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 09 जून 2024 दिन रविवार को राजपूत समाज के पुरोधर वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जावेंगी, जिसमें वाहन रैली सायं 5:00 बजे न्यू-कलेक्ट्रेट के सामने स्थित वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की प्रतिमा से प्रारंभ होकर घंटाघर चौराहा, अस्पताल चौराहा, कोतवाली चौराहा, जटाशंकर चौराहा से महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन में समापन होगी, इसके पश्चात मंचासीन कार्यक्रम मुख्यअतिथि, विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया जावेंगा।

विरोध के चलते अंततः दो दिन का अल्टीमेटम, आगे होता है क्या सबकी नजर

# अजयगढ़ नगर परिषद व राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई सब्जी मण्डी के पास अस्थाई दुकानों पर चला बुल्डोजर







**अजयगढ़।** ठीक विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव के बाद अब प्रशासन के जिम्मेदारों को कार्यवाही जमीन पर नजर आने लगी है। अब सायद बुलडोजर तक कहानी चल पड़ी। जिसके चलते अजयगढ़ नगर में सब्जी मण्डी के पास लगभग तीन दर्जन दुकानें जो बनी हुई है जिन्हें ढहाने के लिए नपा व राजस्व विभाग के द्वारा संयुक्त कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जिसके चलते जयप्रकाश गुप्ता, आशीष गुप्ता, अटल रैकवार व कामता साहू की बनी दुकानों को बुल्डोजर चलाकर जमीदोज किया गया। वहीं इस कार्यवाही के चलते हड़कम्प मचा लाग विरोध में उतरे जिनकी दुकानें गिराई जानी थी महिलाओं के द्वारा भी विरोध किया गया। सैकडों संख्या में दुकानदारों के द्वारा प्रशासन की इस कार्यवाही का विरोध किया गया जिसके चलते प्रशासन ने दो दिन का अल्टीमेंटम देकर कार्यवाही रोक दी। इस कार्यवाही में दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन ने बिना किसी नोटिस या जानकारी के उनकी दुकानों पर अचानक बुल्डोजर की कार्यवाही जिससे दुकानों को गिराने को लेकर जो सामने आई है इसका विरोध किया गया। वहीं नपा परिषद के सीएमओ से हमारे प्रतिनिधि ने सम्पर्क किया तो पता चला कि सप्ताहिक सब्जी मण्डी में अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर शासन के द्वारा नवीन व्यवस्थित दुकानों का निर्माण कराया जाना है। जिसका टेण्डर भी नपा परिषद के द्वारा किया गया। सभी अस्थाई दुकानों को नपा परिषद के द्वारा नोटिस भी चस्पा किया गया था। अस्थाई दुकानदार उक्त मामले को रोके जाने को लेकर उच्च न्यायालय जबलपुर में पिटीशन फाईल कर चुके है। जिस पर माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा दुकानों को अवैध माना गया है। वहीं नपा परिषद के द्वारा सप्ताहिक सब्जी मण्डी में नवीन दुकानों का निर्माण कार्य कराया जाना था। निर्माण कार्य के बाद नगर परिषद उक्त अस्थाई दुकानों को मेग्जीमम राशि लेकर दुकान भी उपलब्ध कराई जायेगी। गौरतलब बात यह है कि क्या इन दुकानों में अस्थाई निर्माण की जो बात की जा रही है यह किसकी सहमति से किया गया था वहीं नपा की जमीन में क्या टेण्डर प्रक्रिया इस जमीन दुकानों के निर्माण को लेकर स्वयं से जो तय कर ली गई है इसके पहले इस जमीन में जो दुकानें बनी है क्या विधिवत कार्यवाही के तहत इन्हें सूचना अगर दी गई इसके बाद मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच गया फिर भी जब दुकानों को अस्थाई या अवैध मानकर मामला सामने आ गया वहीं अब जो अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तय हुई है इससे देखना यह है कि सभी पर यह कार्यवाही अंजाम तक पहुचेगी की नहीं या कि मात्र कुछ लोगों तक ही सिमटकर रह जायेगी। वहीं नपा की इस सब्जी मण्डी क्षेत्र में कितना अवैध अतिक्रमण करके रखा गया है क्या इस पर भी नजर डाली जायेगी। या कि पहले अतिक्रमण कराया जाता है फिर मनमर्जी या अपने लाभ को ध्यान में रखकर नपा कार्यवाही को अंजाम देती है। यह अपने आप में स्वयं ही पारदर्शी तरीके से नपा को ही तय करना है। कि नपा की जमीन में सब्जी मण्डी क्षेत्र में कितना अवैध अतिक्रमण वहीं हटाने की दिशा कितने में तय होगी या कि जहां नवीन दुकानों का निर्माण करके टेण्डर के माध्यम से जो कार्यवाही तय की गई है आगे दुकानों का निर्माण करके नपा अपना लाभ तय कर रही है। या कि नपा वह जमीन भी मुक्त करायेगी जहां-जहां इस क्षेत्र में अतिक्रमण के हालात तय हो चुके है। यह तो आगे वक्त ही तय करेगा।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति गठित, बैठक 14 मई को

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गृह विभाग के निर्देशानुसार एवं सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के पत्र के परिपालन में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति का पुर्नगठन किया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट समिति के अध्यक्ष एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सदस्य-सचिव होंगे, जबकि समिति में बतौर सदस्य पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग रीवा एवं सागर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद पन्ना, जिला परिवहन अधिकारी, थाना प्रभारी यातायात, अध्यक्ष बस एवं ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन एवं अध्यक्ष ऑटो यूनियन को शामिल किया गया है। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 14 मई को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। समिति के सदस्य-सचिव को बैठक आयोजन के संबंध में प्रत्येक सदस्यों को सूचित करने तथा प्रत्येक माह वर्चुअल एवं फिजिकल मीटिंग का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कार्यवाही विवरण तैयार कर समिति सदस्यों को उपलब्ध कराने तथा पोर्टल पर अपलोड कर पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं परिवहन आयुक्त को प्रेषित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## कलेक्टर के निर्देश पर अजयगढ़ में बच्चों के लिए लगाया आधार शिविर



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा गत दिवस टीएल बैठक में दिए गए निर्देशानुसार आज जनपद पंचायत कार्यालय अजयगढ़ में बच्चों के लिए आधार शिविर लगाया गया। गुरूवार, 09 मई को भी शिविर लगेगा। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार विगत 27 जून को अजयगढ़ में आयोजित खण्डपीठ में किशोर न्याय के तहत बाल अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित 122 शिकायतें प्राप्त हुई थी। इनमें आधार कार्ड से संबंधित 67 शिकायतं पाए जाने के कारण जिला कलेक्टर द्वारा टीम गठित कर आधार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक दीपक सोनी ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में आधार सुपरवाईजर विनोद पटेल एवं विपिन पटेल द्वारा बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता प्रजापति से समन्वय कर सुबह 11 बजे से शिविर आयोजित करने की कार्यवाही की गई है। जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को बाल अधिकार संबंधी सभी शिकायतों का निराकरण कर अविलंब जानकारी प्रेषित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## कोविशील्ड साइड इफेक्ट की जांच, इलाज व क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** कोविशील्ड साइड इफेक्ट का मामला लगातार गरमा रहा है। 8 में 2024 को महंत पंडित राजेश दीक्षित एडवोकेट के नेतृत्व में पन्ना कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर कोविशील्ड वैक्सीन लगवाने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य की हर माह नियमित जांच करवाने और बीमारी के लक्षण पाए जाने पर समुचित उपचार करवाने और यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो उसके आश्रित को 5 करोड रुपए आर्थिक क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने की मांग की गई है। ज्ञापन के दौरान महंत पंडित राजेश दीक्षित एडवोकेट के साथ भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह राजपूत, सामाजिक कार्यकर्ता एवं एडवोकेट संजय अहिरवार, राजेश रावत पत्रकार एवं संजय रैकवार पत्रकार सहित कई अन्य शामिल रहे। श्री दीक्षित ने बताया कि कोविड-19 संकटकाल के दौरान भारत सरकार द्वारा देश के 80 प्रतिशत लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन लगवाई गई है। यूके की वैक्सीन बनाने वाली फार्मा कंपनी एक्स्ट्राजेनिका ने लंदन की अदालत में इसके साइड इफेक्ट का मामला स्वीकार किया है। जबकि इसी कंपनी के फार्मूले से बनाई गई कोविशील्ड भारत के लोगों को लगाई गई है। जहां इसके साइड इफेक्ट के मामले सामने आने की बात कही जा रही है। लोगों के शरीर में खून के थक्के जमने की वजह से हार्ट अटैक, ब्रेन हेमरेज आदि की वजह से मौत के मामले भी बताए जा रहे हैं। लोगों के जीवन रक्षा के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच व उपचार एवं मृत्यु पर आर्थिक क्षतिपूर्ति की मांग उठाई गई है।

## जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**पन्ना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष भावना साधौ के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश सह सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला जेल पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर सह निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सचिव श्री बंशकार द्वारा आगामी 11 मई को नेशनल लोक अदालत में राजीनामा एवं प्ली ऑफ बारगेनिंग के माध्यम से निराकरण योग्य प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निराकरण करवाकर शीघ्र न्याय प्राप्त करने के अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया गया। उन्होंने प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों की बंदियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के माध्यम से अधिवक्ता प्रदान किए जाने के बारे में भी अवगत कराया गया। शिविर में बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने बंदियों के विधिक अधिकारों एवं कर्त्तव्यों की जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन में विचाराधीन पात्र बंदियों की समय पूर्व जमानत पर रिहाई के लिए बंदियों द्वारा पूर्ण जानकारी दिए जाने के लिए भी प्रेरित कर नालसा-सालसा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की। प्रभारी जिला जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा ने शिविर के अंत में आभार व्यक्त कर बंदियों को शिविर के जरिए प्राप्त विधिक जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।




## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कृषि विज्ञान केन्द्र का किया शैक्षणिक भ्रमण

सीखा मृदा स्वास्थ्य परीक्षण का तरीका

**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र पन्ना पहुँचे। विद्यार्थियों ने केव्हीके में कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न जानकारी प्राप्त की। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक पी.एन. त्रिपाठी एवं उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन ने जानकारी प्रदान कर छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना के छात्र-छात्राओं ने उत्सुकतापूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को मृदा स्वास्थ्य के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई। साथ ही मृदा स्वास्थ्य के लिए उपयोगी पोषक तत्वों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। केन्द्र के निदेशक ने मृदा नमूना एकत्रित करने के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृदा परीक्षण से हमें ये पता चलता है कि मृदा में किन पोषक तत्वों की अधिकता है और किन पोषक तत्वों की कमी है। मृदा परीक्षण से फसल की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है। भ्रमण कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के विज्ञान शिक्षक सीता गौतम, जॉनी अत्री एवं क्षितिज चौधरी ने भी भाग लिया। सीता गौतम ने कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी वैज्ञानिको एवं निदेशक का विद्यालय के विद्यार्थियों की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जच्चा-बच्चा की जान के साथ आज भी खिलवाड़, सुरक्षित प्रसव शासकीय अस्पताल में कागज में या वास्तविकता में? प्राथमिक अस्पताल कल्दा की दास्तां

### अधिकत्तर प्रसव घरों में आज भी होते हैं वहीं राशि प्राप्त करने के लिए जरूर प्राथमिक अस्पताल में दर्शाये जाते है क्या होगा गौर?






**पन्ना।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कल्दा की बात करें जहां स्वास्थ्य की समस्या लम्बे अर्से से जानी जाती है। यहां बीसों वर्ष बाद चिकित्सक की सुविधा तो पदस्थ होने को लेकर मानी जा रही। पर चिकित्सक आये तो स्टॉफ नर्स नहीं यह कैसी बिडम्बना प्राथमिक अस्पताल में जहां बिना स्टाफ नर्स के कैसे मिले सेवायें। वहीं जननी एक्सप्रेस व 108 वाहन की असुविधा के चलते अधिकत्तर प्रसव घरों में फिर भी राशि पाने को लेकर रिकार्ड में जरूर दर्ज होते है प्रसव पर जमीनी हकीकत कुछ और बनी जांच का विषय।पन्ना। कहने को तो सम्पूर्ण स्वास्थ्य की जिम्मेदारी सरकार के द्वारा 24 घंटे शासकीय अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा को लेकर बयां की जाती है। वहीं आदिवासी बहुल्य क्षेत्र कल्दा की बात करें तो जहां आदिवासियों को ध्यान में रखकर प्राथमिकता पर सुविधायें प्रदान की जानी चाहिए। वहीं आज भी लगभग प्राथमिक अस्पताल को 25 वर्ष निर्माण हुए तो हो ही चुके होगें। इसमें चिकित्सक की पदस्थपना जरूर रही कागज में पर लगभग 22 वर्ष बीत जाने के बाद अब डॉ0 विवेक कुमार ग्वालियर से यहां अपनी सेवायें देने को लेकर आये क्षेत्र में खुशी आई की अब तो चिकित्सक की पदस्थपना हो गई। पर दुर्भाग्य भी जुड़ गया। यहां पदस्थ स्टाफ नर्स जो बालाघाट की थी उनका स्थानांतरण हो जाने के बाद अब स्टाफ नर्स नहीं रहती। जिसको लेकर स्वयं डॉ. बीएमओ के माध्यम से सीएमओ को पत्र लिखे जाने को लेकर पुष्टि की है। यहां इस अस्पताल में क्या बिल्डिंग बन जाने से 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा मिल जायेगी। पहले तो चकित्सक नहीं रहे जब चिकित्सक की पदस्थापना हुई वास्तविकता में अब स्टाफ नर्स नहीं। इन हालातों में कैसे मिले आम आदमी को स्वास्थ्स सुविधा। क्या एएनएम के भरोसे प्राथमिक अस्पताल का संचालन उचित है। वहीं सबसे बड़ी समस्या 108 वाहन को लेकर आज भी बनी हुई है। 108 की सुविधा सलेहा प्राथमिक अस्पताल में जरूर है। जहां से कल्दा पहाड़ के किसी गांव से जब जरूरत पर कॉल किया जाता है तो घंटों बीत जाने के बाद वह भी 108 वाहन आ गया तो बड़े भाग्य की बात होती है। इन परिस्थितियों के चलते अधिकत्तकर प्रसव आज भी घरों में होते है। हां राशि प्राप्त करने के लिए जरूर प्राथमिक अस्पताल के रजिस्टर में दर्ज हो जाते है। या फिर एएनएम के द्वारा अपने रजिस्टर में दर्ज कर लिया जाता है। पर वास्तविक हकीकत गांव-गांव में आज भी जच्चा व बच्चा की दोनों की सुरक्षा के साथ दास्ता गंभीर है। समय पर 108 वाहन का मिलना वहीं स्टाफ नर्स प्राथमिक अस्पताल में न होने के चलते न तो प्राथमिक अस्पताल में सुविधा प्रसव कराने को लेकर मानव संसाधन के वहीं अगर 108 वाहन में प्रसव पीड़ा के चलते क्या सलेहा अस्पताल तक महिला को ले जाने में क्या हालात बीतते होगें जान जोखिम जैसी दास्ता इन परिस्थितियों में क्या वास्तविक आम आदमी की जान के साथ खिलवाड़ नहीं तो क्या? क्या यही सम्पूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य विभाग की महती जिम्मेदारी है। इतना ही नहीं कल्दा में बड़े-बडे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करके यहां की भोली-भाली जनता को कभी कभार टेबिलों को लगाकर जनप्रतिनिधियों से फीता कटवाकर मुप्त में इलाज कराने को लेकर दवाईयां वितरित करवा दी जाती है। यह सौभाग्य कब आता है जब जनता को अपनी ओर आकर्षित करना होता है। लेकिन जो आम जनता का अधिकार है उसको पाने के लिए आज भी आदिवासी बहुल्य क्षेत्र कल्दा के लोग वंचित हैं स्वास्थ्य सुविधा से। कल्दा पहाड़ आदिवासी बहुल्य क्षेत्र में लगभग अनुमानित 14-15 पंचायतें आती है जिसमें 6 या 7 पवई जनपद में आती होगें या फिर इतनी ही पंचायतें शाहनगर जनपद की मानी जा सकती है। लेकिन इस दास्ता को आज भी हम सबका साथ सबका विकास का सपना दिखाते है। आदिवासी बहुल्य क्षेत्र कल्दा में स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर प्राथमिक अस्पताल की बिल्डिंग से ही सबका स्वास्थ्य बनाये रखने को लेकर खोखले हालात कभी चिकित्सक जहां 22 वर्ष से नहीं रहा वहीं स्टॉफ नर्स वर्तमान में नहीं ए.एन.एम. के भरोसे क्या प्राथमिक अस्पताल में मिल पाना संभव है। गांव देखे या अस्पताल उप स्वास्थ्य देखें या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र यह तो जिम्मेदार जनप्रतिनिधि या जिम्मेदार अधिकारी बतायें कैसे सम्पूर्ण स्वास्थ्य 24 घंटे की सेवा स्वास्थ्य सेवा को लेकर हकीकत में प्रदान की जा रही है। या आम जनता को आज भी सपना ही दिखाया जा रहा है। वास्तविक हकीकत कोसों दूर।

## खबर संक्षेप

### 75 वर्षीय वृद्ध महिला को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

**सरवई।** थाना गोयरा अंतर्गत ग्राम बछेड़ाखेरा में एक ट्रक ने 75 वर्षीय वृद्ध महिला को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बछेड़ाखेरा निवासी गंगादीन केवट ने बताया कि मेरी दादी पुनिया पति शंभू केवट उम्र 75 वर्ष सुबह 7:30 बजे घर से खेतों तरफ शौच के लिए जा रही थी, तभी रास्ता क्रॉस करते समय बारीखेरा की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 44 बीटी 6508 ने दादी को कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ड्राइवर मौके से ट्रक छोड़कर भाग खड़ा हुआ। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में खलासी की मौत

**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत पिपरिया कालरी में लोडिंग के लिए गए ट्रक के खलासी की हाइवे मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर में मौत हो गई है। बताया जाता है कि खलासी मुकेश सिंह निवासी बिंझला थाना पाली उम्र करीब 20 वर्ष निस्तार के लिए पिपरिया कालरी के आगे हाइवे मार्ग पर मौजूद पुल के करीब गया था। इसी बीच अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से वह दूर जा गिरा और उसकी मौत हो गई। घटना के बारे में जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया परन्तु तब तक देर हो गई थी, चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि खलासी कोयला लोडिंग के लिए अपने ड्राइवर के साथ पिपरिया खदान आया था, इसी दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गया।

### नगरीय क्षेत्र में संचालित किया गया स्वच्छता अभियान

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को विशेश सफाई अभियान संचालित करने के संबंध में दिए गए निर्देश के परिपालन में नगरीय पालिका उमरिया क्षेत्र अंतर्गत नगर में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें शहर के समस्त नाला नाली, सड़क डिवाइडर की सफाई कार्य योजना बना कर की जा रही है।

### लापता हुई नाबालिग पुत्री, शिकायत दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत खमरौध गांव निवासी आनंद राम अगरिया ने 8 अप्रैल बुधवार को थाने में शिकायत दर्ज करवाई की 7 अप्रैल की रात्रि 8 बजे हम लोग खाना खाकर पर्ची में पति-पत्नी सो रहे थे। रात्रि 9 बजे के लगभग जब पेशाब करने के लिए उठे तो देख की उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर में नहीं है खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चला उन्हें शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।

### गोल बाजार हनुमान मंदिर में 5 माह से चल रहा हनुमान चालीसा का पाठ

**भालूमाड़ा।** नगर के गोल बाजार में स्थित प्राचीनतम हनुमान जी के मंदिर में वैसे तो प्रतिदिन पूजा अर्चना भक्तों के द्वारा की जाती है परंतु नगर के जागरूक नवयुवक, कारोबारी, राजनीतिक दलों, से जुड़े नवयुवक जो सदैव सामाजिक कार्यों में आगे रहते हैं इन लोगों के द्वारा राजनीतिक सामाजिक कार्यों के साथ-साथ अपने धार्मिक एवं संस्कार से सरोकार रखना नई पीढ़ी को सामाजिक धार्मिक चेतना का बढ़ावा देने के लिए इनके द्वारा गोल बाजार हनुमान मंदिर में पिछले लगभग 5 माह से हर मंगलवार को सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ सात बार किया जाता है उसके पश्चात भजन संध्या आरती कर प्रसाद वितरण होता है। इस प्रकार से एक नई चेतना का अग्रसर इन लोगों के द्वारा किया गया है जहां समाज के अन्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं और सभी लोग युवकों की सराहना भी कर रहे हैं। 21वें मंगलवार को किया गया वृहद रूप से भंडारा मंदिर परिसर में प्रति मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का पाठ का 21वां सप्ताह के अवसर पर इन लोगों के द्वारा बृहद रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भजन आरती करते हुए शाम के समय बृहद रूप से भंडारे का आयोजन भी किया गया जहां पूजा अर्चना के पश्चात विधिवत कन्या पूजन करते हुए भंडारे का शुभारंभ किया गया।

कलेक्टर के निर्देश पर मौके पर आग बुझाने के लिये दमकल के साथ पहुंची थी राजस्व की टीम

# खेतों में खड़ी नरवाई में किसान ने लगाई आग, बची आगजनी की बड़ी घटना

**नौगांव**

**नौगांव क्षेत्र के ग्राम दौरिया गांव के खेतों में नरवाई जलाने की घटना सामने आई है, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस एवं राजस्व टीम के सहयोग से आगजनी को घटना पर काबू पाया गया।**



**राजस्व टीम के द्वारा 6 लोगों पर नरवाई जलाने को लेकर कार्रवाई के लिये पंचनामा तैयार**

नौगांव जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम दौरिया में बीती शाम किसानों ने अपने खेत की नरवाई में आग लगा दी। गांव के ही प्रबुद्धजन ने नरवाई जलाने के मामले में जिला कलेक्टर संदीप जी आर से मोबाइल के माध्यम से शिकायत कर दी। जिसके बाद कलेक्टर जी आर ने नौगांव एसडीएम विशा माधवानी को आग बुझाने और कार्रवाई करने के संबंध में निर्देशित किया। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम हरकत में आई और तुरंत ही फायर बिग्रेड को लेकर मौके पहुंच गई। मौके पर मौजूद किसानों ने स्वयं आग लगाने की बात करते हुए आग बुझाने को लेकर दमकल कर्मचारियो का विरोध किया। इसके बाद जैसे तैसे करके राजस्व विभाग के आरआई रामचरण और पटवारी हरनारायण शर्मा के द्वारा किसानों को समझाइस देते हुए फायर बिग्रेड वाहन को मदद एवं कर्मचारियों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका। इसके बावजूद मौके पर एवं आसपास के क्षेत्र में स्थित खेतों में नरवाई जलाती हुई दिखाई दी, राजस्व विभाग के सूत्र बताते हैं कि राजस्व टीम के द्वारा छह लोगों पर नरवाई जलाने को लेकर कार्रवाई के लिये पंचनामा तैयार किया गया। है नौगांव तहसील क्षेत्र के अंतर्गत जिन खेतों से फसल कट चुकी है और खेतों में नरवाई खड़ी है वहां पर किसानों के द्वारा बखर के पहले नरवाई में आग लगाई जा रही है। जबकी नरवाई में आग लगाने पर प्रतिबंध लगा हुआ है, लेकिन किसान नरवाई में आग लगाने से नहीं मानते कभी कभी तो नरवाई में लगाई गई आग विकराल रूप ले लेती है, और बड़ा नुकसान हो जाता है। इसके बाबजूद किसान सबक नहीं लेते हैं। खेतों से फसल कटने के बाद किसान जोतने से पहले खेतों मे खड़ी नरवाई को आग के हवाले कर देते हैं, जबकी इसकी नौगांव कृषि विज्ञान केन्द्र में पदस्थ डॉ कमलेश अहिरवार के अनुसार नरवाई में लगभग फसल के लिए आवश्यक पोषक तत्व जैसे नाईट्रोजन 0.5 प्रतिशत, स्फूर 0.6 और पोटाश 0.8 प्रतिशत पाया जाता है जो कि नरवाई में जल जाता है। गेंहू की फसल के दाने से डेढ़ गुना भूसा नरवाई में होता है। अर्थात एक और भूसे से 30 किलो नाइट्रोजन, 36 किलो स्फूर, 90 किलो पोटाश प्रति हेक्टेयर प्राप्त हो सकता है। जो वर्तमान मूल्य के आधार के पर लगभग 2 हजार प्रति हेक्टेयर क्षेत्रफल में नरवाई जलाते हैं तो लगभग 20 करोड़ के पोषक तत्व जल जाते हैं। भूमि में उपलब्ध पेड़-पौधे, भूमि की सतह के अंदर लाभकारी सूक्ष्मजीव, केंचुए एवं कीट आदि जलकर नष्ट हो जाते हैं। भूमि कठोर हो जाती है जिससे जल धारण क्षमता कम हो जाती है। रासायनिक क्रियाएं प्रभावित होती हैं। कार्बन-नाइट्रोजन एवं कार्बन फास्फोरस का अनुपात गिर जाता है। जनधन की हानि होती है। इसके बाबजूद भी किसान नरवाई मे आग लगा देते है।



**खाली पड़े मैदान की झाड़ियों में धधकी आग, रहवासियों ने पानी डालकर पाया काबू -**

शहर के वीरेंद्र कॉलोनी चौराहे पर स्थित एक मैरिज गार्डन के पीछे पड़े खाली मैदान की झाड़ियों में अज्ञात कारणों से आग लग लग गई, रिहायसी एरिया होने के चलते कोई बड़ी घटना होती उससे पहले ही रहवासियों ने पानी डालकर और नपा की फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पा लिया। शहर के मध्य स्थित सत्यजय पैलेस मैरिज गार्डन के परिसर में दोपहर के समय अचानक आग भडक जाने से आसपास रहने वालों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने अपने अपने साधनो से और नपा की फायर ब्रिगेड से पानी डालकर बडी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया, जिससे एक बडी अनहोनी टल गई है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही यहां आग लगी वैसे ही रहवासियों ने अपने घर की छतों से आग पर पानी फेंका, इसी बीच नगर पालिका से फायर ब्रिगेड भी वहां पहुंच गई। जैसे तैसे बडी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया, नहीं तो बेकाबू हुई आग आस पास के कई घरों को चपेट में ले लेती। बताया गया है इसी मैदान में आधा दर्जन बसों और कारों का गैराज है और पास में ही एक टेलीकाम कंपनी का टावर लगा है, वहां कंपनी का जेनरेटर भी रखा है यदि वहां तक आग की लपटें पहुंच जातीं तो बडी घटना घटित हो सकती है। रहवासियों ने बताया कि यहां शादियों के समय शोरगुल और वाहनों की भीड़भाड़ से जाम लगने से निवास करने वाले खास तौर से वृद्ध, गर्भवती महिलाएं और बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बिना अनुमति चलने वाले विवाह घरों की जांच व कार्रवाई की मांग नपा से की है।

# पुलिस ने जान से मारने की नियत से हमला करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नौगांव।**

**नौगांव थाना पुलिस ने लुगासी चौकी क्षेत्र में बीते दो माह पहले सड़ेरी गांव में हुई मारपीट एवं जान से मारने की घटना को अंजाम देने वाले सभी सातों आरोपियों को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से मजिस्ट्रेट ने सभी को जेल भेजने की कार्रवाई की है।**




नौगांव पुलिस थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि बीते 29 फरवरी 2024 को फरियादी सहदेव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम सडेरी ने थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट लिखाई कि खेत के पास बने घर से मां के चिल्लाने की आवाज आई, जाकर देखा घर के अन्दर गांव के मनोज तिवारी, प्रशान्त तिवारी हाथो में कुल्हाडी व पप्पू तिवारी हाथ मे डण्डा लिये खडे थे। जो फरियादी के पिता गब्बू को जाति सूचक गालियां दे रहे थे। मना किया तो मनोज तिवारी व प्रशान्त तिवारी ने कुल्हाडी से व पप्पू तिवारी डण्डा से मारपीट करने लगे। तभी आरोपियों साथ अन्य लोग आए और गब्बू के साथ भी लात घूंसो से मारपीट करने लगे। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी एवं एससी एसटी एक्ट की धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लेते हुए आरोपियों की धड़पकड़ शुरू कर दी। वहीं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराएं भी बढ़ाई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुये अग्रिम विवेचना एसडीओपी नौगांव चंचलेश मरकाम द्वारा की गई। थाना पुलिस ने चौकी लुगासी के बल के साथ एक विशेष टीम गठित कर आरोपी विवेक पिता मनोज तिवारी उम्र 21 वर्ष, विनीत उर्फ कल्लू पिता धनप्रसाद उर्फ पप्पू तिवारी उम्र 22 वर्ष, मनोज पिता लखनलाल तिवारी उम्र 50 वर्ष, प्रशांत पिता मनोज तिवारी उम्र 24 वर्ष, धनप्रसाद उर्फ पप्पू पिता लखनलाल तिवारी उम्र 55 वर्ष, रवि पिता धनप्रसाद उर्फ पप्पू तिवारी उम्र 26 वर्ष, कृपांश पिता मनोज तिवारी उम्र 22 वर्ष सभी निवासी ग्राम सड़ेरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां पर न्यायधीश न जेल भेजने की कार्रवाई की है। कार्रवाई में नौगांव थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह, गरौली चौकी प्रभारी एसआई नेहा सिंह गुर्जर, लुगासी चौकी प्रभारी एसआई बलराम सिंह यादव, एएसआई रामकुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षक राजकुमार, देवीदास, मनीष त्रिपाठी, हरिशंकर नायक, आरक्षक अर्जुन सिंह, रीना पटेल, जितेन्द्र अहिरवार, उदयपाल सिंह, अनिल राजपूत, मुकेश बिलथरे, प्रहलाद पटेल, दीपक साहू, शिवम वाजपेयी हरेन्द्र, बृजलाल की भूमिका रही।

# फार्मेसी विभाग के विद्यार्थियों का दल औद्योगिक भ्रमण के लिए रवाना



**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के प्राध्यापकगण एवं प्रतिभावान छात्रा-छात्राऐं औद्योगिक भ्रमण के लिए भोपाल एवं पचमढ़ी के लिए रवाना हुये। इस औद्योगिक महत्व से रूबरू कराने के उद्देश्य से विद्यार्थी भोपाल के मंडीदीप में स्थित बायोटेक औद्योगिक संस्थान का अवलोकन करेंगे तत्पश्चात पचमढ़ी के लिए रवाना होंगे और वहां पर स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल का भी अवलोकन करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण में फार्मेसी विभाग के 50 विद्यार्थियों के साथ विभागाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह बुंदेला, सहायक प्राध्यापक राममिलन विश्वकर्मा, सौरभ खरे, कीर्ति अहिरवार एवं धीरेन्द्र भारती भी गये। छात्रा-छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण के लिए विश्वविद्यालय के उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाऐं देते हुये कहा कि छात्रों को नियमित शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने का उद्देश्य यही है कि छात्र खुले वातावरण में शिक्षा को अपने व्यक्तिगत अनुभवों से परिभाषित करें तथा छात्रों में ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से निश्चित ही विशेष अनुभूति जाग्रत होती है जिससे वे अपने ज्ञान का प्रसार करते हैं। विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रमुख डॉ. शिवेन्द्र सिंह परमार ने शुभकामनाऐं देते हुये कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्रों का बौद्धिक विकास होता है और छात्र प्रायोगिक विधि द्वारा अपने ज्ञान में वृद्धि करते हैं। युवा वर्ग के लिए भ्रमण शिक्षा का प्रमुख अंग है। अतः समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण होते रहना चाहिए।

# खनिज विभाग ने उर्मिल नदी में चल रहे लिफ्टर पकड़े, माफिया भागे



**छतरपुर**

बुधवार को खनिज विभाग की टीम ने लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद गढ़ीमलहरा क्षेत्र के ग्राम गणेशपुरा एवं महतौल में हो रहे अवैध रेत उत्खनन के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की है। खनिज विभाग के अधिकारी अमित मिश्रा, एसडीओपी चंचलेश मरकाम सहित राजस्व, पुलिस और खनिज की संयुक्त टीम ने इन गांव से बहने वाली उर्मिल नदी पर छापामार कार्यवाही की। इस कार्यवाही के दौरान गणेशपुरा एवं महतौल में नदी में खुदाई कर रेत निकालने वाले दो लिफ्टर पकड़े।

खनिज अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि गणेशपुरा और महतौल में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बगैर अनुमति के और एनजीटी की नियमावली को तोड़ते हुए कुछ माफियाओं के द्वारा यहां अवैध रूप से रेत निकाली जा रही थी। इस सूचना के बाद उक्त कार्यवाही की गई है। हालांकि कार्यवाही की भनक लगते ही रेत निकाल रहे माफिया मौके से भाग गए।

# चरित्र निर्माण शिविर का समारोह पूर्वक हुआ समापन



**महाराजपुर।** आर्य समाज महाराजपुर द्वारा आयोजित आर्य बीरदल युवा चरित्र निर्माण शिविर समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमके कौटार्य जिला शिक्षा अधिकारी रहे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों में महाराजपुर थाना से सब इंस्पेक्टर विधु विश्वास, महाराजपुर संकुल प्राचार्य यूसी पटेरिया, एलसी चौरसिया, मानिक चौरसिया अध्यक्ष चौरसिया समाज एवं हाईस्कूल बिकौरा प्राचार्य शशांक रंजन चौरसिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री जय नारायण आर्य ने की। आर्यसमाज के प्रधान उमेश आर्य ने आर्यवीर दल शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आर्यसमाज लगातार 3 वर्षों से आर्यवीरदल शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक करता चला आ रहा है। शिविर में 100 से 150 युवा प्रतिवर्ष भाग लेकर लाभान्वित होते हैं। शिविर का प्रमुख उद्देश्य युवाओं में उत्तम चरित्र का निर्माण करना है। इसके अलावा युवाओं को इस शिविर में विभिन्न प्रकार के विद्वान वक्ताओं द्वारा बौद्धिक कार्यक्रम चलाकर उनके अंदर वेद ज्ञान, संस्कृति रक्षा, देश प्रेम आदि ज्ञान का प्रसार किया जाता है आर्य समाज यदि शरीर है तो आर्य वीर दल उसकी आत्मा है।समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमके कौटार्य ने शिविर में भाग ले रहे आर्य वीरों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि आर्य समाज द्वारा लगाया गया। यह शिविर युवाओं के उत्तम चरित्र निर्माण का बहुत अच्छा माध्यम है। इस शिविर में बच्चे न केवल ज्ञान प्राप्त करते हैं बल्कि विभिन्न प्रकार के आत्मरक्षा के गुण सीख कर अपने शरीर को मजबूत व ताकतवर बनाते हैं। इस प्रकार के शिविरों का आयोजन जगह-जगह होना चाहिए ताकि अधिक से अधिक बच्चे लाभ प्राप्त कर देश और समाज की सेवा कर सकें। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन में आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री जय नारायण आर्य ने आमंत्रित अतिथियों और सैकड़ो की संख्या में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया। आर्य समाज के मंत्री सूर्य सेन आर्य, चितरंजन आर्य, आर्यवीरदल अधिष्ठाता सत्य प्रकाश चौरसिया, कोषाध्यक्ष अजय अमर चौरसिया, पत्रकार बली चौरसिया आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# अपील : जल संरक्षण एवं कीट प्रबंधन हेतु करें गहरी जुताई





**छतरपुर।** जिले में सामान्यतः प्रत्येक 3 वर्ष में एक वर्ष प्रचुर मात्रा में एवं दो वर्ष सामान्य से अल्प वर्षा होती है। जिले की भौगोलिक स्थितियों के अनुसार जल संरक्षण एवं अधिक उत्पादन हेतु कलेक्टर संदीप जीआर एवं उप संचालक कृषि डॉक्टर सुरेश पटेल ने कृषक भाइयों से अपील की है, कि फसलों को मुद्रा जनित कीटों एवं बीमारियों से बचाने हेतु गहरी जुताई नितांत आवश्यक है। गहरी जुताई के लिए यह उपयुक्त समय है। किसान भाई रिवसर्वल प्लाऊ एवम चिजेल प्लाउ से खेतों की जुताई करें। जिससे नीचे की मिट्टी ऊपर एवं ऊपर की मिट्टी नीचे पलटने से जमीन में पाए जाने वाले हानिकारक कीटाणुओं के अंडे लार्वा व उकटा रोग के स्कोर अधिक तापमान होने से नष्ट हो जाते हैं। साथ ही खरपतवारों के बीच भी नष्ट हो जाते हैं। गहरी जुताई से मृदा की कड़ी परत टूट जाने से मृदा की जल धारण क्षमता बढ़ती है, एवं जल का संचयन होने लगता है। खेतों में लगी फसलों की डंठल भी मिट्टी में दबकर खाद बन जाते हैं। कृषि विभाग कृषक बंधुओ से अपील है कि प्रत्येक 3 वर्ष में एक बार गहरी जुताई अवश्य कराएं।

# बेहतर अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना




**छतरपुर।** गत 6 मई को आईसीएसई का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शहर में स्थित क्रिश्चियन स्कूल भी आईसीएसई से सम्बद्ध है। यहां भी बोर्ड में अध्ययनरत बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।मैनेजर टीम ने अभिभावकों और शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्रबंधन का कहना है कि बिना संयुक्त प्रयास के परिणाम बेहतर नहीं हो सकते। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही शारीरिक गतिविधियों पर भी जोर देने की बात की गई। परिणामों के मुताबिक कला संकाय में कक्षा 12वीं के देविका विश्वकर्मा ने 89.25 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं कामर्स में अनिरूद्ध ने 89 प्रतिशत और गणित में युवराज राय ने 88.5 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं में ओम गुप्ता ने 97.65 प्रतिशत अंक, नियति लोधी ने 95.60 प्रतिशत एवं आर्यन जैन ने 94.80 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्राचार्य मीनाक्षी लाल, पूर्व प्रिंसिपल शशि ब्राउन, असिसटेंट मैनेजर अर्पना मैसी और मेहनाज खान सहित विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी परीक्षाओं को शुभकामनाएं दी हैं।

**खबर संक्षेप**

## मस्ती की पाठशाला का हुआ शुभ आरम्भ



**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा द्वारा आयोजित मस्ती की पाठशाला (समर कैंप) पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुरू हो गया है। समर कैंप का आयोजन 6 मई से प्रारंभ होकर 14 जून 2024 तक स्वागत भवन के पास, नगर निगम स्कूल रीवा में किया जा रहा है, समर कैंप का समय सुबह 8 बजे से सुबह 11 बजे तक रहेगा। समर कैंप में पंजीकृत बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ शैक्षिक और शारीरिक गतिविधियों का अनुभव करने का मौका मिल रहा है। कैम्प में बच्चों द्वारा आर्ट एण्ड क्राफ्ट, पेंटिंग, गायन एवं संगीत, डांस, मार्शल आर्ट एवं शतरंज आदि में भाग लेकर काफी उत्साहित दिखे। समर कैंप में जिन बच्चों की आयु 5 वर्ष से 14 वर्ष के बीच होगी भाग ले सकते हैं। मस्ती की पाठशाला (समर कैंप) में पंजीयन के लिए शुल्क राशि 200 रुपए है, जबकि बीपीएल परिवारों के लिए यह सुविधा निःशुल्क है। पंजीयन हेतु नगर पालिक निगम रीवा, मुख्य कार्यालय कक्ष क्रमांक 28 में दोपहर 12 बजे से शायं 5 बजे तक में सम्पर्क किया जा सकता है। अब तक 68 बच्चों का पंजीयन कराया जा चुका है। निगम आयुक्त संस्कृति जैन द्वारा अभिभावको से अपील की गई है कि समर कैम्प में पंजीयन कराकर अपने बच्चों को इस रोमांचक अनुभव का लाभ उठाने का मौका दें सकते है।

## अपर कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

**रीवा।** अपर कलेक्टर मऊगंज अशोक कुमार ओहरी द्वारा मऊगंज जिले के उपार्जन केंद्र विछरहटा का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने कि किसानों को उपार्जन केंद्र में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए तथा समीक्षा आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। उन्होंने उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाओं के संबंध में उपस्थित किसानों से चर्चा की। उपार्जन केंद्र प्रभारी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गये कि इस बात का विशेष ध्यान रखें की कोई भी किसान परेशान न हो, साथ ही उपार्जन केंद्र में आवक का आकलन कर पर्याप्त वारदाना की व्यवस्था बनाए रखें। भंडारण व परिवहन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। मौसम की खराबी को ध्यान में रखते हुए खुले आसमान के नीचे पड़े अनाज की सुरक्षा के लिए पर्याप्त मात्रा में तिरपाल और अन्य साधन की भी उपलब्धता बनाए रखें।

## छात्रवृत्ति का शत प्रतिशत सत्यापन कराया जाय

**रीवा।** जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग अन्तर्गत अनुसूचित जाति/ जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के सत्यापन एवं स्वीकृति की कार्यवाही संबंधित प्राचार्य द्वारा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। किन्तु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के शैक्षणिक सत्र 2023-24 एवं पूर्व वर्षों के लंबित नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदनों का शत-प्रतिशत वेरिफिकेशन /स्वीकृति नहीं की गई। जिला संयोजक ने बताया कि शत-प्रतिशत लंबित आवेदनों का सत्यापन कर लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये गये थे, किन्तु शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से उक्त वर्ग के विद्यार्थियों को लाभांवित होने से वंचित रखा गया है।

# लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के विशेष प्रयास करें

## राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्य पर विशेष ध्यान दें - कमिश्नर





**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डॉड ने राजस्व कार्यों तथा विकास कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में अब केवल मतगणना का कार्य शेष है। मतगणना होने तक राजस्व प्रकरणों के निराकरण का अभियान चलाएं। सभी राजस्व अधिकारी लंबित प्रकरणों के निराकरण के विशेष प्रयास करें। राजस्व अधिकारी अपने मूल कार्यों पर विशेष ध्यान दें। कानून और व्यवस्था की निगरानी, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा विकास कार्यों की निगरानी पर ध्यान दें। राजस्व महाअभियान में पूरे संभाग में बहुत अच्छा कार्य हुआ था। एक बार पुनः राजस्व महाअभियान की तरह प्रकरणों के निराकरण के प्रयास करें। सिंगरौली और मऊगंज कलेक्टरों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। भू अर्जन से जुड़े प्रकरण कमिश्नर न्यायालय से कलेक्टर न्यायालय में भेजे गए हैं। इनकी भी नियमित सुनवाई करके निराकरण करें।

कमिश्नर ने कहा कि अविवादित सीमांकन तथा बंटवारे के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। नक्शा तरमीम के लिए भी विशेष अभियान चलाएं। नक्शा तरमीम न होने पर भी भूमि विवाद लगातार बने रहते हैं। कलेक्टर अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों के निराकरण की हर माह समीक्षा करें। सभी दर्ज राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। किसान सम्मान निधि के सभी आवेदनों में शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराएं। वर्षों से लंबित जिन राजस्व प्रकरणों में अभिलेख उपलब्ध नहीं हो रहे हैं अथवा पक्षकार उपस्थित नहीं हो रहे हैं उन्हें वैधानिक प्रक्रिया के तहत निराकृत करें। बैठक में कमिश्नर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि अप्रैल माह में खाद्यान्न का उठाव और वितरण संतोषजनक नहीं है। आगामी 6 दिनों में 95 प्रतिशत वितरण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन अपनी गति से हो रहा है। उपार्जित गेंहू के सुरक्षित भण्डारण और किसान को तीन दिन में भुगतान सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने खनिज राजस्व की 77.25 प्रतिशत वसूली पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि खनिज राजस्व का शत-प्रतिशत राजस्व प्राप्त करें। खनिज के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। खनिज परिवहन करने वाले वाहनों को जारी ईटीपी की नियमित रूप से जाँच करें। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ावर्ग के सभी पात्र विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के आवेदनों का एक सप्ताह में सत्यापन कराकर छात्रवृत्ति का वितरण कराएं। छात्रवृत्ति वितरण की पोर्टल की तकनीकी बाधा तथा आवश्यक आवंटन के लिए वरिष्ठ कार्यालयों से तत्काल संपर्क करें।

विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से स्वीकृत 93 प्रतिशत आवासों को पूर्ण कराकर सराहनीय कार्य किया गया है। शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना में भी सभी जिलों में अच्छा कार्य हुआ है। मनरेगा योजना से मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करें। संभाग में 431 स्वीकृत गौशालाओं में से 338 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इनमें से पंचायत द्वारा संचालित 171 गौशालाओं में लगभग 17 हजार गौवंश हैं। इनके पेयजल, चारा-भूसा तथा गर्मी से बचाव की उचित व्यवस्था कराएं। शेष गौशालाओं का भी संचालन कराकर उनमें गौवंशों को सुरक्षित कराएं। बैठक में जनमन योजना, आयुष्मान योजना, बिजली की आपूर्ति तथा भू अर्जन प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, अपर कमिश्नर अरूण परमार, सीईओ जिला पंचायत रीवा डॉ सौरभ सोनवणे, सीईओ सतना संजना जैन, आयुक्त नगर निगम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजस्व और पुलिस अधिकारी कानून व्यवस्था की सतत निगरानी करें - कमिश्नर
### संवेदनशील मुद्दों पर संबंधित पक्षों से सतत संवाद रखें - आईजी

**रीवा** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर गोपाल चन्द्र डॉड ने कानून और व्यवस्था की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व और पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से क्षेत्र का दौरा करें। कानून और व्यवस्था की सतत निगरानी करें। संभाग में किसी भी स्थान में साम्प्रदायिक विवाद की स्थिति नहीं है। सभी समुदाय के लोग परंपरागत रूप से सदभाव के साथ रहते हैं। जमीन अथवा अन्य सम्पत्तियों के विवाद को कई बार सामुदायिक विवाद में बदलने का प्रयास किया जाता है। इन पर कड़ी कार्यवाही करें। जिला स्तर पर शांति समिति की नियमित बैठक आयोजित कर कानून और व्यवस्था से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करें। विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के सहयोग से कानून व्यवस्था को बनाए रखने के प्रयास करें। जिन स्थानों में पहले किसी वजह से विवाद हुआ है उन स्थानों में त्यौहारों के दौरान कड़ी निगरानी रखें।

बैठक में आई.जी. एमएस सिकरवार ने कहा कि विभिन्न त्यौहार और पर्व के दौरान सुरक्षा के उचित प्रबंध रखें। विभिन्न धर्मों से जुड़े जुलूसों को परंपरागत मार्गों से ही निकलने की अनुमति दें। विवादित स्थलों में सतत निगरानी रखें। जिन स्थानों में किसी भी कारण से दो समुदायों में विवाद उत्पन्न हुए हैं वहाँ कड़ी निगरानी रखें। संवेदनशील मुद्दों पर सभी संबंधित पक्षों से सतत संवाद बनाए रखें। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी रणनीति के अनुसार कार्यवाही करें। आवश्यक होने पर असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अवश्य करें। बैठक में डीआईजी साकेत पाण्डेय, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।

# अंतराष्ट्रीय रेडक्रास दिवस मनाया गया





**रीवा।**

अन्तराष्ट्रीय विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष में आज भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी रीवा द्वारा संचालित पितामह सदन वृद्धाश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चेयरमैन रेडक्रास सोसायटी डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने सर हेनरी डयूनाट के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अपोलो हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा वृद्धआश्रम में निवासरत सभी वृद्धजनो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उचित सलाह देकर दवाइयां निःशुल्क वितरित की गई। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विनोद श्रीवास्तव द्वारा रेडक्रॉस के जनक सर हेनरी डू नॉट के जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी गयी। चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने रेडक्रॉस के जिले भर मे चल रहे समस्त गतिविधियों और किए गए कार्यों के विषय में जानकारी देते हुए पीड़ति मानव को सेवा, सहानुभूति, प्रेम एवं सदभाव को महत्व देते हुए रेडक्रॉस दिवस की बधाई दी। वाइस चेयरमैन ए के खान द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। रेडक्रॉस के आजीवन सदस्यों का नई दिल्ली सेंट जान एंबुलेंस से आए हुए प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सोनाली, डॉ.पवन तिवारी. सहायक पुष्पेंद्र, वंदना, साक्षी, ने अपना सहयोग देकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया। कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य डॉ. एसके श्रीवास्तव,भारती शर्मा, डॉ. सत्या तिवारी, सीमा श्रीवास्तव, एसडीएम त्रिपाठी, संयोजक एलएलसी, ममता सिंह, कुसुम सिंह, सुरेश देवगन, नीरज सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, पियूष मिश्रा,संजय शुक्ला एवं अशोक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# राजीनामा से बरी होने वाले आरोपियों के प्रकरणों का विवरण दें

## न्यायालय में बयान बदलने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें - आईजी



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित संभागीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमिश्नर गोपाल चन्द्र डॉड ने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों को पूरी संवेदनशीलता के साथ लागू करें। अत्याचार से पीड़तिों को राहत देने के साथ-साथ आरोपियों को सजा दिलाने के भी प्रयास करें। प्रकरणों की सुनवाई में आने वाले पीड़तिों तथा गवाहों को विशेष लोक अभियोजक उचित मार्गदर्शन और सलाह दें। जिससे वे न्यायालय में अपना पक्ष मजबूती से प्रस्तुत कर सकें। आगामी बैठक में राजीनामा से बरी होने वाले आरोपियों के प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि राहत राशि वितरण के लिए सभी जिलों में आवंटन का अभाव है। राहत राशि के वितरण के लिए राशि आवंटन का तत्काल प्रस्ताव शासन को भेजें।

कमिश्नर ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में सुनवाई के लिए आने वाले पीड़तिों तथा गवाहों को मजदूरी, बस किराया तथा आहार व्यय की राशि अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। उपायुक्त सभी पुलिस अधीक्षकों को इस मद में राशि आवंटित करें। ट्राईबल विभाग के सभी जिला अधिकारी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में राहत राशि से जुड़े जाति प्रमाण पत्रों की सूची कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करें। कलेक्टर पीड़तिों को तत्काल जाति प्रमाण पत्र जारी कराकर राहत राशि मंजूर करें। उपखण्ड स्तर पर गठित सलाहकार समिति की नियमित बैठक आयोजित करें। बैठक में आईजी एमएस सिकरवार ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद न्यायालय में बयान बदलने वाले फरियादियों के विरूद्ध निर्धारित प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्यवाही करें। सभी पुलिस अधीक्षक तथा एडीपीओ अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की हर माह समीक्षा करें। बैठक में डीआईजी साकेत पाण्डेय, कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर मैहर रानी बाटड, सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक अभियोजक, डीएसपी अजाक विवेक लाल तथा जिला संयोजक उपस्थित रहे। फोटो क्रमांक 04 संलग्न है।

# शहडोल रेत माफिया द्वारा एएसआई के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने की घटना के बाद जागा रीवा खनिज विभाग

## जवा तहसील से होती है अवैध रेत निकासी

**रीवा ।**

जिले में मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे जवा इलाके में खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन होता है। शहडोल जिले में दो मौतों के बाद शासन द्वारा खनिज माफियाओं के ऊपर कारवाई करने के निर्देश दिए गए हैं रीवा जिला प्रशासन के टेंडर अनुमति के बिना खुलेआम रेत माफियाओं द्वारा अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा है।

मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश की सीमा में जवा के पास टमस नदी घाट, भडरा ,कोनी ,जोन्हा ,गाढ़ा 138 गोहटा, पथरौडा, बूची ,भूनगाव ,चांदी सहित अन्य घाटों में खुलेआम अवैध रेत का उत्खनन किया जाता है।

इस बात की जानकारी खनिज विभाग के पास भी है कार्रवाई करने पर नाम पर समय-समय पर खनिज विभाग द्वारा कुछ वाहनों को पड़कर खड़ा भी करवाया जाता है। लेकिन फिर भी बिना किसी कार्यवाही के वाहन आराम से रिलीज हो जाते हैं।



खानापूर्ति के नाम पर खनिज विभाग द्वारा जनता को दिखाने के लिए करवाई तो की जाती है किंतु रेत माफिया मानने को तैयार नहीं है उसके बावजूद अवैध बालू उत्खनन के साथ अवैध गिट्टी, अवैध परिवहन दिन-रात होता है। खुलेआम ट्रैक्टर हाइबा , मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश की सीमा पर लगातार आते-जाते रहते हैं इन पर कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं होती यह एक सवाल है जिसका जवाब कोई भी देने के लिए तैयार नहीं ।

हालांकि शहडोल जिले मे हुए हत्याकांड के बाद रीवा जिला खनिज विभाग कार्यवाही करने की बात कह रहा है।

### इनका कहना है

जवा तहसील अंतर्गत अवैध रेत खनन का मामला संज्ञान में ग्रामीणजनो के द्वारा आया है जिसकी जांच की जाएगी एवं कलेक्टर मैडम और एसपी साहब को भी अवगत करा दिया गया है जिसके ऊपर वैधानिक कारवाही की जाएगी।

**दीपमाला तिवारी जिला खनिज अधिकारी रीवा**

# ठेकेदार ने सड़क को खोदकर किया सत्यानाश स्थानीय लोगों का घर से निकलना हुआ दुश्वार

## नगर निगम की मेहरबानी से सहज कंट्रक्शन कंपनी की मौज

**रीवा।** रीवा जिले के शहर की चर्चित विंध्य विहार कॉलोनी का हाल इन दिनों बेहाल चल रहा है। नगर निगम के ठेकेदारों द्वारा किए गए निर्माण कार्यों ने जनता का जीना मुश्किल कर दिया है कम कार्य में अच्छा मुनाफा कमाने में रीवा नगर निगम के ठेकेदारों ने महारत प्राप्त करके रखी है मुनाफा कमाने के चक्कर में निर्माण कार्यों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं। विंध्य बिहार कालोनी में सीवर लाइन बनाने वाली सहज कंस्ट्रक्शन कंपनी ने कालोनी के रोड की ये हालत कर दी है की रोड से दो व चार पहिया वाहन निकलना बड़ी मुस्किल काम हो गया है ठेकेदार ने पहले सीवर लाइन की पाइप लाइन डालने के लिए सीमेंट सड़क को खोदा गया था। सड़कों



की अभी तक मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। अब चैंबर बनाने के लिए दोबारा सड़क को बीच में से खोद दिया गया। चैंबर बनाने के बाद मलबे को अभी तक नहीं हटाया है। सीवर लाइन बनाने वाले ठेकेदार ने सीवर लाइन की पाइप तो डाल दी पर अच्छी खासी रोड के चिथड़े उड़ा दिए । इसके बाद ठेकेदार ने मिट्टी डालकर नगर निगम में कार्य को पूर्ण दिखाकर रफू चक्कर हो गया। अब कॉलोनी के निवासियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। हाल मे ही बुधवार के दिन कॉलोनी के एक स्थानीय निवासी के घर पर चल रहे निर्माण कार्य के लिए मंगाई गई भारी वाहन में सामग्री घर तक पहुंची ही नहीं उसके पहले ही कॉलोनी के अंदर घुसते ही बीच रोड में धस गई। हाईवा वाहन सवार चालक ने वाहन से कूद कर अपनी जान बचाई।आसपास से गुजरने वाले लोगों के ऊपर भारी वाहन पलटते पलटते बचा। एक बड़ी दुर्घटना घटित होते-होते रह गई। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी अपने आंख में पट्टी बांधकर अपने कार्यालय में एसी की हवा खाते हुए आराम फरमा रहे हैं।वही जनता इन गैर जिम्मेदार ठेकेदारों से त्रस्त हो चुकी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सीवर लाइन की खुदाई करने वाली कंपनी सहज कंस्ट्रक्शन कंपनी के गुणवत्ता विहीन कार्यों से परेशान होकर हम लोगों ने कई बार नगर निगम के छोटे स्तर के अधिकारियों से लेकर बड़े स्तर के अधिकारियों तक शिकायत किया लेकिन उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है बरसात आने वाली है बरसात के चालू होते ही हम लोगों को घर से निकलना भी मुश्किल हो जाएगा।

### इनका कहना है

कंपनी को निर्देशित किया गया था स्थानीय निवासियों को जो आसुविधा हो रही है जल्द ही निरीक्षण करके सुधार कार्य करवाया जाएगा । जिससे लोगों को आने-जाने में समस्या ना आए ।

**यस एल दाहयक, कार्यपालक यंत्री नगर निगम रीवा**

# गल्ला मंडी के सड़क निर्माण में भारी अनियमितता से लोगों में आक्रोश

**मऊगंज।** नगर परिषद में होने बाला भ्रष्टाचार थमने का नाम नही ले रहा है। नगर परिषद में सड़क निर्माण का कार्य कर रहा ठेकेदार उपयंत्री लोकनिर्माण पर दिख रहा भारी जिसके द्वारा करोड़ो की लागत से बनने बाली वार्ड की सड़कों में भारी अनियमितता बरती जा रही है । ताजा मामला मऊगंज नगर के वार्ड 08 गल्ला मंडी का है। जिसमे ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता हीन सड़क का निर्माण करते हुए भ्रस्टाचार की सारी हदें पार कर दी है। वही वार्ड के भाजपा पार्षद राजेश सर्राफ भी आश्चर्यजनक ढंग इन सबसे बेखबर जिससे उनकी भूमिका संदेहास्पद बनी हुई है।

**अनेकों प्रकार से निर्माण कार्य मे बरती गई अनियमितता**

सड़क निर्माण का कार्य ठेकेदार ने मिस्त्री मजदूरों को सौंप दिया है। जिससे बिना बैरिकेटिंग किए खुले में सड़क निर्माण कार्य करने के चलते आवारा मवेशियों द्वारा सड़क को जगह जगह बुरी तरह से छतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे सड़क समतल की जगह पशुऔं के खुर के गढ्ढे दिखाई दे रहै है।निर्माण कार्य न होने के बराबर दिख रहा है। उक्त सड़क के निर्माण में कही 06 इंच तो कहीं उससे कम मोटाई रखी गई तो वहीं 20 और 40 एमएम की गिट्टी का इसमे इस्तेमाल किया गया है। और सीमेंट कंक्रीट सड़क का मसाला सेट करने के लिए ब्राइबेट मशीन का



इस्तेमाल न करते हुए मैन्यूली सड़क की लेवलिंग की जा रही है।इतना ही नही इस भीषण गर्मी सड़क निर्माण के बाद उसकी तराई नही की जा रही है। नगर परिषद की सह पर बरती जा रही अनियमितता से सड़क बदहाली में है और इसका भविष्य क्या होगा इन सबसे समझा जा सकता है।मऊगंज नगर में होने बाले समस्त विकास कार्य कमीशन खोरी की भेंट चढ़ रहे

**रात बनाई सड़क सुबह आई दरार**

रीवा के बाद मऊगंज में भी भ्रष्टाचारियो के द्वारा डिप्टी सीएम के नाम का इस्तेमाल करते हुए अंधेरगर्दी शुरू कर दी गई है। मऊगंज नगर परिषद में इन दिनों रीवा का एक ठेकेदार खूब चर्चा में है जो उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का धौस देकर सड़कों का ऐसा निर्माण कर रहा है की रात को बनी सड़क मे सुबह दरार आ गई। जिसकी शिकायत कलेक्टर अजय श्रीवास्तव सहित सीएमओ महेश पटेल और उपयंत्री राजेश सिंह से की गई,पर इसके बाबजूद भी ठेकेदार की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। बताया जाता है कि मऊगंज नगर परिषद द्वारा कायाकल्प योजना के तहत करोडो की लागत से वार्ड क्रमांक 8 गल्ला मंडी और सुन्दरपुरवा में दो सड़क मार्ग का निर्माण हो रहा है। जिसका टेंडर रीवा निवासी पीयूष तिवारी को मिला है। वह अपने आप को रीवा विधायक उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को अपना करीबी बताता है।मऊगंज नगर की आधा दर्जन सड़कों का अभी तक इस ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण कराया गया पर किसी भी सड़क में गुणवत्ता नहीं देखी जा रही है। उपमुख्यमंत्री की धौस देने की वजह से अधिकारी भी इन सड़कों की जांच करने से डर रहे हैं ऐसा लगता है कि ठेकेदार के सामने इन अधिकारियों की पतलून गीली हो जाएगी। इस प्रकार से बरती गई भारी अनियमितता को लेकर वार्डवासियों ने मऊगंज कलेक्टर से भ्रष्ट ठेकेदार के खिलाफ जांच एवं कार्यवाही की मांग किया है।

# जिले के नईगढ़ी जनपद में अमृत सरोवर प्रोजेक्ट की प्रगति अधर में

**मऊगंज।** जिले में निर्माणाधीन कई योजनाओं के कार्य जो समय पर पूर्ण हो जाने चाहिए थे। आज तक पूरे नहीं हो पाए केंद्र सरकार की अमृत सरोवर योजना भी उसका एक उदाहरण है। जिसकी प्रगति आज तक कछुआ गति से दिखाई दे रही है। पंचायत चुनावों के बाद इस योजना को पूरा करने के लिए कुछ प्रयास भी हुए इसके बाद भी सभी कार्य अभी भी पूर्ण नहीं हो पाए इससे समझा जा सकता है। कि यहां का ग्रामीण विकास विभाग न कार्यों की पूर्णता व गुणवत्ता को लेकर कभी भी गंभीर नहीं रहा। जिसका जीता जागता उदाहरण मऊगंज जिला क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत नईगढ़ी में प्रत्यक्ष नजर आता है। अमृत सरोवर तालाब निर्माण हेतु जनपद पंचायत नईगढ़ी को कुल 9 प्रोजेक्ट मिले थे। जिनमें से आठ प्रोजेक्ट आज भी आधे अधूरे पड़े हैं। जबकि समीक्षा बैठक दौरान जनपद पंचायत नईगढ़ी के जिम्मेदार हर बार यही कहा जाता हैं। कि एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा जब जिला पंचायत सीईओ द्वारा जनपद सभागार नईगढ़ी में समीक्षा बैठक ली गई थी। जिसमें जनपद के जिम्मेदारों द्वारा उत्तर दिया गया था। कि शिवराजपुर, भीर, कोट, जोधपुर जैसे निर्माण कार्य 31 दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएंगे। लेकिन मौका ए हाल बयां करते हैं कि अधिकारियों के आदेश का जनपद पंचायत नईगढ़ी के जिम्मेदारों पर कोई असर नहीं पड़ता।और निर्माण कार्य जिस स्थिति में थे। आज भी वैसे ही नजर आते हैं।*एक भी अमृत सरोवर प्रोजेक्ट पूर्ण नहीं* जिले के नईगढ़ी जनपद पंचायत में कुल 9 की संख्या में अमृत सरोवर प्रोजेक्ट मंजूर किए गए थे। लेकिन समय सीमा गुजर जाने के बाद भी एक भी प्रोजेक्ट कार्य पूर्ण नहीं हो सके। जबकि अमृत सरोवर योजना केंद्र सरकार के प्राथमिकता वाली योजना थी। किंतु जनपद पंचायत नईगढ़ी के इंजीनियरों एवं अन्य जिम्मेदारों द्वारा इस योजना की प्रगति को इस तरह से घसीटा गया कि लगता है कि निर्मित होने वाले सरोवर इनके पूर्ण हो जाने की संभावनाएं अभी भी भविष्य के गर्त में है। जिस तरह से प्रगति दिखाई दे रही है उससे लगता है कि अभी सप्ताह नहीं बल्कि कई माह या वर्ष भी लगा सकते हैं। इतनी बड़ी राशि खर्च के बाद ना तो कोई लाभ दिख रहा और नाहि कार्य पूर्ण हो रहे हैं। जिससे करोड़ों के व्यय का कोई औचित्य नहीं है।